प्रेषक,

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

सेवा में,

1. समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा0शि0) उत्तराखण्ड।
3. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड।
4. समस्त उप शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड।
5. समस्त प्राचार्य, रा0गां0न0वि0 उत्तराखण्ड।

पंत्राक : उ.वि.शि.प./वि.प./रा.गॉ.न.वि.प्र.प. 2022/ 199 - 204 /2021–22 दिनांक 13 अक्टूबर 2021।

**विषय : राजीव गॉधी नवोदय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2022–23 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिये राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2022 के आवेदन प्रक्रिया विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून के पत्रांक : सेवाएँ–2/12008–14/रा0गां0न0वि0 (प्र0प0) 19/2021–22 दिनांक 14 सितम्बर 2021 के क्रम में प्रदेश के समस्त राजीव गॉधी नवोदय विद्यालयों में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) के द्वारा किया जा रहा है। **विकासखण्ड स्तर पर परीक्षा आयोजन से सम्बन्धित समस्त प्रक्रिया के सम्पादन हेतु उप शिक्षा अधिकारी को दायित्व सौंपा गया है।**

- राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा उत्तराखण्ड के प्रत्येक विकास खण्ड में उप शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर **दिनांक 20 फरवरी 2022 (रविवार) को आयोजित की जानी** प्रस्तावित है।
- आवेदन पत्र का प्रारूप, प्रवेश पत्र का प्रारूप एवं नामावली का प्रारूप मुख्य शिक्षा अधिकारी/खण्ड शिक्षा अधिकारी/उप शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य राजीव गांधी नवोदय विद्यालय द्वारा शासकीय/अशासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालयों को उपलब्ध कराया जायेगा। सी0आर0सी0/बी0आर0सी0/जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा) के माध्यम से प्रवेश हेतु प्रचार–प्रसार किया जायेगा। आवेदन पत्र उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर (नैनीताल) की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** में **DEPARTMENTAL EXAM** के कार्नर वाले ऑईकान से भी डाउनलोड किया जा सकता है।
- राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु सीटों की संख्या, क्षेत्रवार एवं लिंगवार आरक्षण निम्नवत् है–

| जनपद | सीटें प्रति जनपद | क्षेत्रवार आरक्षण | लिंगवार आरक्षण |
|---|---|---|---|
| हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, पौडी, पिथौरागढ, चम्पावत, अल्मोडा एवं नैनीताल | 60 | 80% ग्रामीण<br>20% शहरी | 50% बालिकाओं हेतु आरक्षित |
| उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर एवं ऊधमसिंहनगर | 30 | | |

- जातिवार आरक्षण राज्य स्तर पर निर्धारित प्राविधान यथा अनुसूचित जाति 19 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति 4 प्रतिशत एवं अन्य पिछडा वर्ग को 14 प्रतिशत के अनुरूप प्रदान किया जायेगा।
- **अभ्यर्थी उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत किसी भी जनपद में स्थित राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय में सत्र 2021–22 में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो। 01 अप्रैल 2022 को अभ्यर्थी की आयु 9 से 13 वर्ष के मध्य हो** अर्थात अभ्यर्थी का जन्म 01 अप्रैल 2009 से 31 मार्च 2013 के मध्य होना चाहिए। जन्म तिथि में उक्त दोनों तिथियां सम्मिलित हैं। **अभ्यर्थियों का क्रमागत वर्षो में कक्षा 3, 4 व 5 में सतत रूप से उत्तीर्ण होना आवश्यक है।**
- **कक्षा 6 में प्रवेश के संदर्भ में शासन द्वारा भविष्य में निर्गत शासनादेश के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया आच्छादित होगी।**
- प्रवेश परीक्षा हेतु निम्नवत समय–सारणी निर्धारित की गयी है–

| क्र0सं0 | प्रवेश प्रक्रिया | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन पत्र उप शिक्षा अधिकारी/मुख्य शिक्षा अधिकारी/प्राचार्य, रा0गां0न0वि0 द्वारा प्राथमिक विद्यालयों तक पहुचाने की तिथि | 11 अक्टूबर 2021, सोमवार |
| 2 | मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा जनपद स्तर पर प्रचार–प्रसार हेतु अपने स्तर से प्रवेश–विज्ञप्ति प्रकाशन | 26 अक्टूबर 2021, मंगलवार |
| 3 | प्राचार्य, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय द्वारा प्रवेश विज्ञप्ति प्रकाशन | 09 नवम्बर 2021, मंगलवार |
| 4 | विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश परीक्षा हेतु अपने विद्यालय में पूरित आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि | 15 दिसम्बर 2021, बुधवार |
| 5 | विद्यालय द्वारा उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पूरित आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि | 30 दिसम्बर 2021, वृहस्पतिवार |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा स्क्रूटनी के बाद निर्देशानुसार बालक एवं बालिकाओं की नामावली हार्ड तथा सॉफ्ट कापी में संख्या सूचक चक्र सहित परिषद कार्यालय में प्रेषित करने की अन्तिम तिथि | 17 जनवरी, 2022, सोमवार |
| 7 | मुख्य शिक्षा अधिकारी / उप शिक्षा अधिकारी का अभिमुखीकरण प्रशिक्षण एवं परीक्षा सामग्री का वितरण | 09 फरवरी, 2022, बुधवार |
| 8 | परीक्षा का आयोजन | 20 फरवरी 2022,रविवार |

- **कोविड 19 महामारी के दृष्टिगत परीक्षा कार्यक्रम मे परिवर्तन किया जा सकता है।**
- प्रवेश परीक्षा की अवधि 02 (दो) घण्टे की होगी। प्रश्न पत्र में तीन खण्ड होगे। प्रश्न पत्र में कुल 100 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे। प्रश्न पत्र में 25 प्रश्न हिन्दी भाषा, 25 प्रश्न गणित एवं 50 प्रश्न मानसिक योग्यता से सम्बन्धित होंगे। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा। ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं होगा। सामान्य एवं आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा क्रमशः 40 प्रतिशत एवं 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। **परीक्षा में उत्तर पत्रक के रूप में ओ0एम0आर0 का प्रयोग किया जायेगा, अतः ओ0एम0आर0 भरने हेतु प्रतिभागी छात्रों को अभ्यास करा लिया जाय।**
- **पूरित आवेदन पत्र राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में कदापि जमा नहीं किये जायेंगे।**
- परीक्षा आयोजन का कार्यक्रम समयबद्ध होता है, विगत वर्ष कतिपय उप शिक्षा अधिकारी कार्यालयों द्वारा नामावली आदि विलम्ब से एवं त्रुटिपूर्ण यथा लिंग (बालक / बालिका), जन्मतिथि एवं विद्यालय की स्थिति (ग्रामीण / शहरी) प्रेषित की गयी है जिससे परिषद को अग्रेतर कार्यवाही करने में कठिनाई उत्पन्न हुयी हैं। अतः उप शिक्षा अधिकारी आवेदन पत्र अग्रसारित करने से पूर्व सभी प्रविष्टियों का ध्यान पूर्वक मिलान कर लें। आवेदन पत्र का ध्यानपूर्वक अवलोकन करने के उपरान्त ही **छात्र / छात्रा के जाति, लिंग, जन्म तिथि एवं विद्यालय का प्रकार (राजकीय, सवित्त / वित्त विहीन मान्यता प्राप्त) एवं विद्यालय की स्थिति (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र) का नामावली में स्पष्ट एवं सही अंकना करें, क्योंकि इनके आधार पर ही प्रवेश हेतु छात्र / छात्राओं का अंतिम रूप से चयन होता है।** आवेदकों की बड़ी संख्या एवं समय सीमित होने के कारण आवेदन पत्रों एवं नामावली में अंकित सूचना की जॉच परिषद् स्तर पर संभव नहीं है अतः **विकासखण्ड स्तर पर सीमित संख्या होने के कारण इसकी गंभीरतापूर्वक जॉच कर ली जाय। यदि इसमें त्रुटि पाई जाती है और इससे चयन प्रक्रिया में कोई प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न होती है तो इसके लिये संबंधित विकासखण्ड के उप शिक्षा अधिकारी पूर्णतः उत्तरदायी होंगे।**
- नामावली सॉफ्ट कापी (सी0डी0), बालक एवं बालिका की अलग–अलग प्रतियों में हार्ड तथा सॉफ्ट कापी में निर्धारित प्रारूप पर तैयार कर **अंतिम तिथि 17 जनवरी 2022 तक** अनिवार्यतः परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सूचना **secy-ubse-uk@nic.in** पर भी मेल के माध्यम से प्रेषित करें। **निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदनों पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा।**
- **आवेदन–पत्र परिषद् कार्यालय को कदापि न भेजें, इन्हें उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ही सुरक्षित रखा जायेगा।** परिषद् द्वारा अनुक्रमांक आवंटन के बाद नामावली संबंधित विकासखण्ड के उप शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध करायी जायेगी, जिसके आधार पर उप शिक्षा अधिकारी स्तर से **आवेदन पत्रों में अनुक्रमांक आवंटित कर उन्हें परीक्षा से दो दिन पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्र को उपलब्ध कराया जायेगा।** इसी प्रकार उप शिक्षा अधिकारी स्तर से **प्रवेशपत्रों में अनुक्रमांक एवं परीक्षा केन्द्र की अंकना कर परीक्षार्थी को परीक्षा से पूर्व यथा समय उपलब्ध कराया जायेगा।**

संलग्नक : 1. परीक्षा की विस्तृत विज्ञप्ति 2. आवेदन पत्र के प्रारूप की नमूना प्रति सहित।
3. नामावली का प्रारूप एवं नामावली बनाने हेतु निर्देश।

भवदीय

13/10/2021

**(डॉ0 नीता तिवारी)**
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

पृ0सं0 : उ.वि.शि.प. / वि.प. / रा.गॉ.न.वि.प्र.प. 2022 / 199 – 204 / 2021–22 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : **निम्नांकित की सेवामें सूचनार्थ प्रेषित–**

1. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा देहरादून।
2. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा देहरादून।
3. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा देहरादून।

13/10/2021

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : उ.वि.शि.प. / वि.प. / रा.गॉ.न.वि.प्र.प. 2022 / 185 / 2021–22 दिनांक 13 अक्टूबर 2021।

# विज्ञप्ति : राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2022

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून के पत्रांक : सेवाएँ–2 / 12008–14 / रा0गां0न0वि0 (प्र0प0) 19 / 2021–22 दिनांक 14 सितम्बर 2021 के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य के समस्त जनपदों के राजीव गॉधी नवोदय विद्यालयों में सत्र 2022–23 हेतु कक्षा 6 में प्रवेश चाहने वाले उत्तराखण्ड राज्य में निवास कर रहे छात्र–छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त के क्रम में प्रवेश परीक्षा का आयोजन उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल द्वारा किया जा रहा है। राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय में सीटों की संख्या, क्षेत्रवार एवं लिंगवार आरक्षण निम्नवत् हैः–

| जनपद | सीटें प्रति जनपद | क्षेत्रवार आरक्षण | लिंगवार आरक्षण |
|---|---|---|---|
| हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, पौड़ी, पिथौरागढ़, चम्पावत, अल्मोड़ा एवं नैनीताल | 60 | 80 प्रतिशत ग्रामीण 20 प्रतिशत शहरी | 50 प्रतिशत बालिकाओं हेतु आरक्षित |
| उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर एवं ऊधमसिंह नगर | 30 | | |

जतिवार आरक्षण राज्य स्तर पर निर्धारित प्राविधानों / नीति के अनुसार अनुसूचित जाति को 19 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 4 प्रतिशत एवं अन्य पिछडा वर्ग को 14 प्रतिशत देय होगा।

## प्रवेश हेतु पात्रता एवं निर्देश

1. छात्र / छात्रा जिस जनपद में **कक्षा 5 में अध्ययनरत है,** वह कक्षा 6 में प्रवेश हेतु **उसी जनपद में संचालित राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय के लिए अर्ह होगा।**
2. अभ्यर्थी को उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत किसी भी जनपद में स्थित राज्य / केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय में वर्तमान (शिक्षा सत्र 2021–22) में **कक्षा 5 में अध्ययनरत होना** चाहिए।
3. **01 अप्रैल 2022 को अभ्यर्थी की आयु 9 से 13 वर्ष के मध्य निर्धारित है,** अर्थात अभ्यर्थी का जन्म 01 अप्रैल 2009 से 31 मार्च 2013 के मध्य होना चाहिए। जन्म तिथि में उक्त दोनों तिथियां सम्मिलित हैं।
4. अभ्यर्थियों का **क्रमागत वर्षों में कक्षा 3, 4 व 5 में सतत रूप से उत्तीर्ण होना** आवश्यक है।
5. शहरी अथवा ग्रामीण **क्षेत्र का निर्धारण अभ्यर्थी के गतवर्षों एवं वर्तमान में अध्ययनरत विद्यालयों के आधार पर किया जायेगा।**
6. ग्रामीण क्षेत्रों से आशय उन अभ्यर्थियों से है, जिन्होंने गत तीनों कक्षाएं (क्रमशः कक्षा 3, 4 एवं 5) ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में पूरे सत्र भर सतत अध्ययन किया है। **एक भी दिन शहरी क्षेत्र के विद्यालय में अध्ययन करने वाले अभ्यर्थी को शहरी क्षेत्र का ही माना जायेगा।**
7. परीक्षा आवेदनपत्र में अभ्यर्थी द्वारा अंकित सूचना को सही मानते हुये अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित कराया जायेगा। प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर चयन होने के उपरान्त अभ्यर्थी को प्रवेश तभी दिया जायेगा जब वह कक्षा 5 उत्तीर्ण सहित अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र (यथा जाति, निवास, जन्म / आयु प्रमाणपत्र) काउंसिलिंग के समय के संबंधित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत करेगा। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्रमाणपत्रों की जॉच संबंधित रा0गां0न0वि0 के प्राचार्य द्वारा की जायेगी। **प्रवेश प्रक्रिया की काउन्सलिंग के समय अभ्यर्थी को सम्बन्धित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य के समक्ष आवेदन पत्र में दी गई समस्त प्रविष्टियों के सापेक्ष मूल प्रमाण पत्र एवं कक्षा 5 उत्तीर्ण होने के प्रमाण पत्र को अनिवार्यतः उपलब्ध कराना होगा। आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण अथवा असत्य सूचना अंकित कर परीक्षा में सम्मिलित होने अथवा वांछित सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र उपलब्ध न करा पाने की स्थिति में अभ्यर्थन / चयन स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।**

8. कक्षा 6 में प्रवेश के संदर्भ में शासन द्वारा भविष्य में निर्गत शासनादेश के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया आच्छादित होगी।

9. **आवेदन पत्र** – आवेदन पत्र का प्रारूप मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खण्ड/उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय, राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालयों से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** में **DEPARTMENTAL EXAM** के कार्नर वाले आईकॉन से भी डाउनलोड किया जा सकता है। **पूरित आवेदन पत्र छात्र/छात्रा द्वारा अपने अध्ययनरत विद्यालय में दिनांक 15 दिसम्बर 2021 (बुधवार) तक जमा किया जायेगा। विद्यालय द्वारा सभी प्राप्त आवेदन पत्र उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दिनांक 30 दिसम्बर 2021 (बृहस्पतिवार) तक जमा किये जायेंगे। उप शिक्षा अधिकारी द्वारा अनिवार्यतः नामावली (बालक/बालिका अलग–अलग) निर्धारित प्रारूप पर तैयार कर सॉफ्ट कॉपी (सी0डी0) एवं हार्ड कॉपी में 17 जनवरी 2022 (सोमवार) तक परिषद् कार्यालय को उपलब्ध कराई जायेगी।**

10. आवेदन पत्र उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सुरक्षित रखे जायेंगे। उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा आवेदन पत्रों में अनुक्रमांक आवंटित कर उन्हें परीक्षा से दो दिन पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्र को तथा प्रवेशपत्रों में अनुक्रमांक एवं परीक्षा केन्द्र की अंकना कर परीक्षार्थियों को परीक्षा से पूर्व यथा समय उपलब्ध कराया जायेगा।

11. परीक्षा केन्द्र का निर्धारण उप शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जायेगा। प्रवेश परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्र की सूचना उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

12. **प्रवेश परीक्षा 20 फरवरी 2021 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक सम्पन्न करायी जानी प्रस्तावित है। परीक्षा तिथि, समय एवं परीक्षा केन्द्र की अंकना प्रवेशपत्र में की जायेगी।** प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवेशपत्र उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अभ्यर्थी को यथा समय उसके विद्यालय के माध्यम से उपलब्ध कराये जायेंगे।

13. **प्रवेश परीक्षा का स्वरूप** – प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र में तीन खण्ड होंगे। **परीक्षा में कुल 100 प्रश्न** (मानसिक योग्यता के 50 प्रश्न, गणित के 25 प्रश्न एवं हिन्दी के 25 प्रश्न) **होंगे। मानसिक योग्यता एवं गणित के प्रश्न हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होंगे।** प्रश्नों का स्तर प्राथमिक स्तर (कक्षा 5 तक के स्तर) के समान होगा। सामान्य एवं आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा क्रमशः न्यूनतम 40 प्रतिशत तथा 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। **उत्तर पत्रक के रूप में ओ0एम0आर0 का प्रयोग किया जायेगा।** प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा। ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं होगा। प्रश्नों/अंकों का विभाजन निम्नांकित तालिका के अनुसार होगा।

| खण्ड | विषयवस्तु | प्रश्न/अंकों का विवरण | माध्यम |
|---|---|---|---|
| (क) | भाषा (हिन्दी) परीक्षा | 25 | हिन्दी |
| (ख) | गणित परीक्षा | 25 | हिन्दी/अंग्रेजी |
| (ग) | मानसिक योग्यता परीक्षा | 50 | हिन्दी/अंग्रेजी |
| | योग | 100 | |

14. **कोविड 19 महामारी के दृष्टिगत परीक्षा की प्रस्तावित तिथि सहित परीक्षा से संबंधित उक्त अन्य कार्यक्रमों मे परिवर्तन किया जा सकता है।**

15. प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष नं. 05947-254275 से सम्पर्क कर सकते है।

13/12/2021

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

## राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2022, सत्र 2022–23

### कक्षा 6 में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र

1. जनपद का नाम (जहॉ विद्यार्थी अध्ययनरत है) [ ] 2. जनपद कोड [ | | ]

3. विकास खण्ड का नाम (जहॉ विद्यार्थी अध्ययनरत है) [ ] 4.विकास खण्ड का कोड [ | ]

(क्रमांक 1 से 4 तक की सूचना उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा भरा जाय)

5. अनुक्रमांक– [ | | | | | | | | ]

(परिषद् कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)

पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो जो प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित हो चिपकाएं।

6. परीक्षार्थी का नाम (क) हिन्दी में ..........................................................................

(ख) अंग्रेजी में (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)

(परीक्षार्थी के नाम में दो या दो से अधिक शब्द होने पर दो शब्दों के मध्य एक खाना रिक्त होना चाहिए)

7. दिए गये बॉक्स में से जो लागू हो उस बॉक्स में सही (√) का चिह्न लगायें।

(क) लिंग –

| बालक | M |
|---|---|
| | |

| बालिका | F |
|---|---|
| | |

(ख) वर्ग –

| सामान्य | 1 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 2 | अनु. जाति | 3 | अनु. जनजाति | 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

(यदि अभ्यर्थी अन्य पिछड़ा वर्ग, अनु.जाति अथवा अनु. जनजाति का हो तो वह सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें)

8. जन्मतिथि – (क) अंकों में DD MM YYYY [ | ] [ | ] [ | | | ] (ख) शब्दों में ..................................................................

( आवेदक की आयु 01 अप्रैल, 2022 को न्यूनतम 9 वर्ष एवं अधिकतम 13 वर्ष होनी चाहिए अर्थात अभ्यर्थी का जन्म 01 अप्रैल 2009 से 31 मार्च 2013 के मध्य होना चाहिए। उक्त दोनों तिथियां भी सम्मिलित हैं )

9. पिता का नाम– श्री ..........................................................................................

10. माता का नाम– श्रीमती ..........................................................................................

11. पत्र व्यवहार का पता– ...............................................
...............................................
...............................................
दूरभाष नं0 कोड सहित : ....................................

12. स्थायी पता – ...............................................
...............................................
...............................................
मोबाइल न0 : ...............................................

13. विद्यालय का नाम जहॉ पर विद्यार्थी वर्तमान में कक्षा–5 में अध्ययनरत है (विकास खण्ड एवं जनपद सहित) ...........
..........................................................................................................................

14. वर्तमान (जहॉ कक्षा 5 में अध्ययनरत है) विद्यालय का प्रकार (जो लागू हो उस बॉक्स में सही (√) का चिह्न लगायें)–

| राजकीय | 1 | सवित्त मान्यता प्राप्त | 2 | वित्त विहीन मान्यता प्राप्त | 3 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

15. क्या उत्तराखण्ड राज्य के मूल/स्थायी निवासी हैं (जो लागू हो उस बॉक्स में सही (√) का चिह्न लगायें)–

| हॉ | | नहीं | |
|---|---|---|---|

16. क्या अनाथ (कार्मिक एवं सतर्कता विभाग के अधिसूचना सख्या : 179/XXX (2)/2021-30(2)/2019 दिनांक 31 अगस्त 2021 के अनुसार) की श्रेणी में आते हैं– | हाँ | | नहीं | |

17. निम्नलिखित तालिका विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय अभिलेखानुसार स्वयं पूर्ण रूप से भरी जाय। तालिका के क्रमांक 4 में सूचनाऐं 'हॉ' अथवा 'नहीं' में भरी जानी है।

(ध्यान रहे कि अभ्यर्थी कक्षा 3, 4 एवं 5 में सतत रूप से अध्ययनरत हो)

| क्रमांक | विवरण | कक्षा–3 | कक्षा–4 | कक्षा–5 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रवेश होने का माह व वर्ष | | | |
| 2 | उत्तीर्ण होने का माह व वर्ष | | | |
| 3 | विद्यालय का नाम | | | |
| 4 | क्या विद्यालय मान्यता प्राप्त है | | | |
| 5 | गॉव अथवा शहर का नाम जहॉ विद्यालय स्थित है | | | |
| 6 | विकासखण्ड का नाम | | | |
| 7 | जनपद का नाम | | | |
| 8 | विद्यालय की श्रेणी (ग्रामीण/शहरी) | | | |

18. उपरोक्त तालिका 17 के क्रमांक 8 के आधार पर अभ्यर्थी के विद्यालय की श्रेणी ग्रामीण/शहरी का निर्धारण कर सही खाने के भीतर सही (√) का चिह्न लगायें।

(एक भी दिन शहरी क्षेत्र के विद्यालय में अध्ययन करने वाले अभ्यर्थी को शहरी क्षेत्र का माना जाएगा)

| ग्रामीण | R | शहरी | U |
|---|---|---|---|
| | | | |

## घोषणा

मैं शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि उक्त सभी प्रविष्टियाँ सत्य हैं। किसी प्रकार की सूचना असत्य पाये जाने की स्थिति में मेरा अभ्यर्थन निरस्त किये जाने पर पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।

पिता/संरक्षक के हस्ताक्षर ..................................... अभ्यर्थी के हस्ताक्षर .......................................

दिनांक– दिनांक–

## विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य का प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि छात्र/छात्रा ..........................................................................वर्तमान में इस विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययनरत है। इनके द्वारा आवेदन पत्र में अंकित सम्पूर्ण प्रविष्टियों की जाँच भली–भाँति कर ली गई है तथा विद्यालय के अभिलेखानुसार इन्हें सत्यापित किया जाता है।

प्रतिहस्ताक्षरित

प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर दिनांक सहित

नाम :

मुहर :

उप शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर दिनांक सहित

नाम :

मुहर :

# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

## राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र 2022–23

## प्रवेश–पत्र

अनुक्रमांक (कार्यालय प्रयोगार्थ)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |

पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो जो प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित हो चिपकाएं।

जनपद का नाम एवं कोड : ........................................ [ | | ]

विकास खण्ड का नाम एवं कोड : ........................................ [ | ]

अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का नाम : ..............................................................................

पिता का नाम : श्री..............................................................................

माता का नाम : श्रीमती..............................................................................

जन्मतिथि (अंकों में) ....../....../..............(शब्दों में)..............................................................

लिंग : ................................वर्ग (जाति) : ............................विद्यालय का क्षेत्र : ........................

विद्यालय का नाम जनपद सहित..............................................................................

*(जहाँ पर विद्यार्थी वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत है)*

(उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)

आवंटित परीक्षा केन्द्र का नामः ..............................................................................

जहाँ से अभ्यर्थी को रा0गाँ0न0वि0 की कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा 2022 में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाती है।

परीक्षा की तिथि : 20 फरवरी, 2022 दिन रविवार

समय : प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे तक।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर ........................................ कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर ...................................

(परीक्षाकाल में) दिनांक–

उप शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर

दिनांक–

मुहर–

# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

## राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2022 (सत्र 2022–23 हेतु)

## नामावली का प्रारूप (बालकों हेतु)

जनपद (कोड सहित)........................................ विकास खण्ड (कोड सहित)........................................

परीक्षा केन्द्र का नाम : ..........................................................................................................

| क्र0 सं0 | छात्र का नाम | पिता का नाम | माता का नाम | जन्मतिथि (उदाहरण– 01/07/2002) | लिंग (M) | जाति GEN- 1 OBC- 2 SC- 3 ST-4 | विद्यालय क्षेत्र ग्रामीण– R शहरी– U | अनाथ (Yes/No) | विद्यालय का प्रकार राजकीय– 1 सवित्त मान्यता प्राप्त–2 वित्तविहीन मान्यता प्राप्त– 3 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* | *8* | *9* | *10* |
| 1 | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | |
| कुल बालकों की संख्या | | | | | | | | | |

हस्ताक्षर निर्माता
नाम–
पद नाम–

हस्ताक्षर जाँचकर्ता
नाम–
पद नाम–

हस्ताक्षर उप शिक्षा अधिकारी
दिनांक
मुहर

---


# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

## राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2022 (सत्र 2022–23 हेतु)


## नामावली का प्रारूप (बालिकाओं हेतु)

जनपद (कोड सहित)........................................ विकास खण्ड (कोड सहित)........................................

परीक्षा केन्द्र का नामः ..........................................................................................................

| क्र0 सं0 | छात्रा का नाम | पिता का नाम | माता का नाम | जन्मतिथि (उदाहरण– 01/07/2002) | लिंग (F) | जाति GEN- 1 OBC- 2 SC- 3 ST-4 | विद्यालय क्षेत्र ग्रामीण– R शहरी– U | अनाथ (Yes/No) | विद्यालय का प्रकार राजकीय– 1 सवित्त मान्यता प्राप्त–2 वित्तविहीन मान्यता प्राप्त– 3 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* | *8* | *9* | *10* |
| 1 | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | |
| कुल बालिकाओं की संख्या | | | | | | | | | |

हस्ताक्षर निर्माता
नाम–
पद नाम–

हस्ताक्षर जाँचकर्ता
नाम–
पद नाम–

हस्ताक्षर उप शिक्षा अधिकारी
दिनांक
मुहर

**उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)**
**राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2022**
**(सत्र 2022–23 हेतु)**

## नामावली निर्माण हेतु महत्वपूर्ण निर्देश

1. बालक एवं बालिकाओं हेतु अलग–अलग नामावली तैयार की जायेगी, जिसे निर्माणकर्ता, जॉचकर्ता एवं उप शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर के उपरांत परिषद् को उपलब्ध कराया जायेगा। नामावली में उप शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर होने अनिवार्य हैं, बिना हस्ताक्षरित नामावली स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. नामावली निर्धारित प्रारूप पर **MICROSOFT EXCEL** में तैयार की जायेगी।
3. फोल्डर एवं फाइल का नाम **RGNV-BLOCK NAME-2022** रखा जाय ।
4. नामावली तैयार करते समय कॉलम संख्या **2, 3, 4** की अंकना **हिन्दी फॉन्ट Kruti Dev 010** फॉन्ट साईज '**14**' तथा अन्य कॉलम (**5, 6, 7, 8, 9 & 10**) की अंकना हेतु **अंग्रेजी Times New Roman** फॉन्ट, साईज '**12**' का प्रयोग करें।
5. कॉलम संख्या **5** की अंकना **DD/MM/YYYY** में करें अर्थात यदि किसी छात्र की जन्मतिथि 01 जुलाई 2002 है तो उसकी अंकना **01/07/2002** के रूप में की जायेगी।
6. कॉलम संख्या **6** में बालक के लिए **M** तथा बालिका के लिए **F** टाईप करें।
7. कॉलम संख्या **7** में सामान्य वर्ग के लिए **1**, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए **2**, अनुसूचित जाति के लिए **3**, अनुसूचित जनजाति के लिए **4** अंकित करें।
8. कॉलम संख्या **8** में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्रा के लिए **R** तथा शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्रा के लिए **U** अंकित करें।
9. कॉलम संख्या **9** में अनाथ के लिए **Yes** अन्यथा **No** अंकित करें।
10. कॉलम संख्या **10** में राजकीय विद्यालयों के लिए **1,** सवित्त मान्यता प्राप्त विद्याालयों के लिए **2** तथा वित्तविहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए **3** अंकित करें।
11. आवेदन पत्र का ध्यानपूर्वक अवलोकन करने के उपरान्त ही **छात्र/छात्रा के जाति, लिंग, जन्म तिथि एवं विद्यालय का प्रकार (राजकीय/वित्त/वित्तविहीन मान्यता प्राप्त) एवं विद्यालय की ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्थिति का नामावली में स्पष्ट एवं सही अंकना करें, क्योंकि इनके आधार पर ही प्रवेश हेतु छात्र/छात्राओं का अंतिम रूप से चयन होता है।** आवेदकों की बड़ी संख्या एवं समय सीमित होने के कारण आवेदन पत्रों एवं नामावली में अंकित सूचना की जॉच परिषद् स्तर पर संभव नहीं है अतः **विकासखण्ड स्तर पर सीमित संख्या होने के कारण इसकी गंभीरतापूर्वक जॉच कर लें। यदि इसमें त्रुटि पाई जाती है और इससे चयन प्रक्रिया में कोई प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न होती है तो इसके लिये संबंधित विकासखण्ड के उप शिक्षा अधिकारी पूर्णतः उत्तरदायी होंगे।**
12. नामावली सॉफ्ट कापी (सी0डी0), बालक एवं बालिका की अलग–अलग प्रतियों में हार्ड तथा सॉफ्ट कापी में निर्धारित **अंतिम तिथि 17 जनवरी 2022 (सोमवार) तक** अनिवार्यतः परिषद को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सूचना **secy-ubse-uk@nic.in** पर भी मेल के माध्यम से प्रेषित करें। **निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदनों/नामावली पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा।**
13. **आवेदन–पत्र परिषद् कार्यालय को कदापि न भेजें इन्हें अपने कार्यालय में ही सुरक्षित रखें।** परिषद् द्वारा अनुक्रमांक आवंटन के बाद नामावली संबंधित विकासखण्ड के उप शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध करायी जायेगी, जिसके आधार पर उप शिक्षा अधिकारी स्तर से **आवेदन पत्रों में अनुक्रमांक आवंटित कर उन्हें परीक्षा से दो दिन पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्र को उपलब्ध कराया जायेगा।** इसी प्रकार उप शिक्षा अधिकारी स्तर से **प्रवेश पत्रों में अनुक्रमांक एवं परीक्षा केन्द्र की अंकना कर परीक्षार्थी को परीक्षा से पूर्व समय से उपलब्ध कराया जायेगा।**

13/10/2021

**सचिव**
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद
रामनगर (नैनीताल)।